पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद की बैठक सम्पन्न

लखनऊः 15 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक की अध्यक्षता में आज उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद की बैठक का आयोजन परिषद के मुख्यालय मोती महल में सम्पन्न हुई। बैठक में परिषद की अध्यक्षा, श्रीमती निर्मला कुमारी, महासचिव, श्रीमती रीता सिंह, प्रमुख सचिव, राज्यपाल, सुश्री जूथिका पाटणकर, डा0 सरजीत सिंह डंग, परिषद के अन्य सदस्यगण, वन एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में सबसे पहले पूर्व राष्ट्रपति स्व0 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम को उनकी जयन्ती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद को और गतिशील एवं सक्रिय बनाने के लिये नये एवं युवा सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाये तथा उन्हें उचित प्रशिक्षण भी दिया जाये। बैठक में परिषद की गतिविधियों को बढ़ाने के लिये बाल प्रतिभाओं का सम्मान, निराश्रित महिलाओं हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण, सेनेटरी नैपकिन का निर्माण सहित लीज नवीनीकरण पर गहनता से विचार-विर्मश किया गया।